>

Title: Need to provide special package to farmers of Etawah facing problems due to declining water level.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): मैं आपके माध्यम से शून्य काल में इटावा लोकसभा क्षेत्र के बारे में कहना चाहता हूं। इसमें दो जनपद इटावा और औरैया हैं। इसमें जो रिवाइन इलाका है उसमें चार ब्लॉक हैं, चकरनगर, बढ़पुरा, अजीतमल औरैया और इसमें जसवंत नगर का भी हिस्सा है। रिवाइन होने की वजह से, वर्षा न होने की वजह से पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। यहां बिल्कुल बुंदेलखंड जैसी स्थिति है। बुंदेलखंड के किसान परेशान हैं। वहां पानी की सुविधा न होने से किसान परेशान हैं और पलायन करने को मजबूर हैं। वहां बिजली की स्थिति इतनी खराब है कि दो या तीन घंटे से अधिक नहीं मिलती है। वहां किसान बुरी तरह से परेशान हैं। मैं इसके साथ बुंदेलखंड की मांग तो करता ही हूं कि इसे विशेष पैकेज दिया जाए लेकिन अगर बुंदेलखंड की तरह औरैया और इटावा जनपद ब्लॉकों को बचाना चाहते हैं तो पानी की व्यवस्था की जाए। हमने उस इलाके के लिए पचनद डैम की मांग की थी जो 1981 में स्वीकृत हुआ था। हमने इसकी मांग 13वीं लोकसभा में भी कई बार जल संसाधन मंत्री जी से मांग की थी। अगर पचनद डैम वहां चालू हो जाता तो मध्य प्रदेश और इटावा का जो क्षेत्र है वहां सूखे की स्थिति का सुधार हो सकता था। मैं आपके माध्यम से डैम को चालू कराने की मांग करता हूं और इटावा जनपद के लिए विशेष पैकेज की मांग करता हूं। इसके साथ ही बुंदेलखंड के लिए विशेष पैकेज की मांग भी करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : इसीलिए आपको परमिशन दी है।

---

* Not recorded.